# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website-msuniversity.ac.in mail ID – nss@msuniversity.ac.in

पत्रांक–4550 रा0से0यो0 / एम0एस0यू0 / 2022–23 / 64 - 90 दिनांक:–14.06.2022

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / कार्यक्रम अधिकारी,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय (रा0से0यो0),
माँ0 शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।

**विषय–अमृत योग सप्ताह (14 जून, 2022 से 20 जून, 2022) एवं अष्टम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2022 के आयोजन के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया संलग्न उपर्युक्त विषयक उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–03 के पत्र संख्या–1550 / सत्तर–3–2022 दिनांक 10 जून, 2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने कष्ट करें। मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा **"मन की बात"** कार्यक्रम में योग के महत्व पर बल देते हुए इसको **"वसुधैव कुटुम्बकम"** की भावना को मजबूती प्रदान करने वाला तथा पूरी मानवता को एकसाथ जोड़ने के एक सशक्त माध्यम के रूप में रेखांकित किया गया है। कि महाविद्यालय की रा0से0यो0 ईकाईयों द्वारा आठवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून, 2022) की थीम **"मानवता के लिये योग" (Yoga for Humanity)** घोषित की गई है। स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर पूरे देश में मनाये जा रहे **"आजादी का अमृत महोत्सव–2022"** के अवसर पर देश के 125 **करोड़** लोगों को योग से जोड़े जाने का संकल्प लिया गया है, जिसके क्रम में उत्तर प्रदेश से **3.5 करोड़** लोगों को जोड़े जाने का लक्ष्य है, जिसकी प्राप्ति हेतु **"अमृत योग सप्ताह"** के आयोजन किया जा रहा है। **(पत्र संलग्न)**

उक्त के सन्दर्भ में आपसे अनुरोध है कि संलग्न विस्तृत कार्ययोजना अनुसार महाविद्यालय की रा0से0यो0 ईकाईयों द्वारा आठवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून, 2022) कार्यक्रम में अधिक से अधिक स्वयंसेवकों की प्रतिभागिता सुनिश्चित कराएं एवं उल्लिखित कार्यक्रमों का आयोजन करने के पश्चात् उसकी सूचना इस कार्यालय की ई–मेल आई0डी0 nss@msuniversity.ac.in पर भेजने का कष्ट करें। ताकि शासन को समय से रिपोर्ट उपलब्ध करायी जा सकें।

**नोट– कार्यक्रमों में "कोविड प्रोटोकॉल" का पालन किया जाये।**

**संलग्नक–यथोक्त।**

भवदीय

डा0(भूपेन्द्र कुमार)
कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

**प्रतिलिपि:–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–**

1. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव को संज्ञानार्थ।
3. क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
4. राज्य सम्पर्क अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ उच्च शिक्षा विभाग उ0प्र0 शासन लखनऊ।
5. वेबसाइट प्रभारी को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

**महत्वपूर्ण**

**संख्या–1550 /सत्तर–3–2022**

**प्रेषक,**

**मोनिका एस0 गर्ग**
**अपर मुख्य सचिव**
**उ0प्र0शासन।**

सेवा में,

1. कुलपति
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय
उत्तर प्रदेश।

2. निदेशक
उच्च शिक्षा
उ0प्र0, प्रयागराज।

**उच्च शिक्षा अनुभाग–3** **लखनऊ : दिनॉक 10 जून, 2022**

**विषय :– अमृत योग सप्ताह (14 जून, 2022 से 20 जून, 2022) एवं अष्टम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2022 के आयोजन के संबंध में।**

**महोदय,**

मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा **"मन की बात"** कार्यक्रम में तथा देश के सभी सरपंचों के संबोधन में योग के महत्व पर बल देते हुये इसको **"वसुधैव कुटुम्बकम"** की भावना को मजबूती प्रदान करने वाला तथा पूरी मानवता को एकसाथ जोड़ने के एक सशक्त माध्यम के रूप में रेखांकित किया गया है, जिसके दृष्टिगत आठवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस ( 21 जून, 2022 ) की थीम **"मानवता के लिये योग" (Yoga for Humanity)** घोषित की गई है। स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगाँठ के पावन अवसर पर पूरे देश में मनाये जा रहे **"आजादी का अमृत महोत्सव–2022"** के अवसर पर देश के **25 करोड़** लोगों को योग से जोड़े जाने का संकल्प लिया गया है, जिसके कम में उत्तर प्रदेश से **3.5 करोड़** लोगों को जोड़े जाने का लक्ष्य है, जिसकी प्राप्ति हेतु **"अमृत योग सप्ताह"** के आयोजन किया जा रहा है।

(2) आजादी के अमृत महोत्सव के पावन पर्व पर दिनांक 14 जून, 2022 को **अमृत योग सप्ताह** का शुभारम्भ किये जाने हेतु समस्त जनपद मुख्यालयों, तहसीलों, ब्लाकों एवं ग्राम पंचायतों में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये। कार्यक्रमों में आने वाले योगाभ्यासियों द्वारा अपने घर के सदस्यों एवं अन्य को भी योग करने हेतु प्रेरित किया जाये। अमृत योग सप्ताह एवं अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की फोटो एवं प्रतिभागियों की संख्या का विवरण "आयुष कवच ऐप"(Ayush Kawach App) अथवा http://ays.ayushkavach.com पर सामूहिक अथवा व्यक्तिगत रूप से अपलोड किया जाये।

(3) मा0 प्रधानमंत्री जी की मंशा को ध्यान में रखते हुये **"वसुधैव कुटुम्बकम"** की भावना को मजबूती प्रदान करने एवं मानव कल्याण के उद्देश्य से इस बार सभी गाँवों में अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ने के लिये माइक्रो प्लान के अनुसार योग प्रशिक्षकों द्वारा जनपद में स्थित सरकारी एवं निजी क्षेत्र के महाविद्यालयों को अमृत योग सप्ताह एवं आठवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों में आवश्यक रूप से सम्मिलित किया जाय। इस हेतु शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं को योगाभ्यास का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा एवं उन्हें अपने परिवार एवं अन्य को भी योग से जोड़ने के लिये प्रेरित किया जाये।

(4) कार्यक्रमों में **"कोविड प्रोटोकाल"** का पालन किया जाये।

(5) अतः वर्णित स्थिति में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया मा० प्रधानमंत्री जी की अपेक्षानुरूप **"अमृत योग सप्ताह"** (दिनांक 14 जून, 2022 से 20 जून, 2022) एवं **"अष्टम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2022"** का व्यापक प्रचार प्रसार कराते हुए उपरोक्त निर्देशों के अनुसार कार्यक्रम आयोजित कराकर जन सामान्य को योग क्रिया से लाभान्वित/जागरूक कराने का कष्ट करें तथा कृत कार्यवाही से शासन को भी अवगत करायें।

भवदीय,

10/6

**( मोनिका एस० गर्ग )**
**अपर मुख्य सचिव।**

संख्या–1550(1)/सत्तर–3–2022–तद्दिनांक:

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– निजी सचिव, मा० मंत्री उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
2– निजी सचिव, मा० राज्यमंत्री उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
3– अपर मुख्य सचिव, आयुष विभाग, उ0प्र0 शासन।
4– निदेशक, आयुष विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
5– कुल सचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0।
6– समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
7– विशेष कार्याधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक।
8– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

**( हरेन्द्र कुमार सिंह )**
उप सचिव।